Title: Need to set up a L.P.G. outlet at Arwal district in Bihar.- Laid.

श्री अरुण कुमार (जहानाबाद) : महोदय, बिहार राज्य के अन्तर्गत अरवल जिले का गठन हुए एक साल से अधिक हो गया है परन्तु वहां के लोगों को रसोई गैस जहानाबाद जाकर प्राप्त करनी पड़ती है। जहानाबाद से अरवल की दूरी ४० कि.मी. से भी अधिक है। गैस प्राप्त करने वाले सभी उपभोक्ताओं को अरवल से जहानाबाद जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि जनहित में अरवल में एक रसोई गैस वितरण केन्द्र खुलवाने हेतु कार्यवाही करें।